जागरण

# दुकानों पर डंप हो रहा नकली खोवा व पनीर

Publish Date:Fri, 18 Oct 2019 06:15 AM (IST)

जगदीशपुर : त्योहार का सीजन आते ही मिलावट खोर सक्रिय हो जाते हैं। बड़े पैमाने पर क्षेत्र की बाजारों में नकली खोवा, पनीर आदि सामान डंप हो रहे हैं। यहां न खाद्य सुरक्षा विभाग को और न ही दुकानदारों को ही लोगों की सेहत की चिंता है। हां इतना जरूर है कि छापेमारी के नाम पर महज खानापूर्ति लंबे समय से की जा रही है।

क्षेत्र के वारिशगंज, रानीगंज, जगदीशपुर, बीएचईएल सहित प्रमुख बाजारों में खुले प्रतिष्ठानों पर जमकर मिलावटी खोवा, पनीर, मिठाई, दूध आदि धड़ल्ले से बेंचा जा रहा हैं। यही नहीं दीपावली त्योहार नजदीक आते ही मिलावटखोर और भी सक्रिय हो जाते हैं। मौजूदा समय में दुकानदार खोया, पनीर आदि डंप करने में जुटे हैं, लेकिन मजाल है कि जिम्मेदार इन प्रतिष्ठानों पर कोई कार्रवाई करें। हां इतना जरूर है कि कागजी कोरम पूरा करने के लिए एकाध दुकानों पर छापेमारी कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

-इन जिलों से आता है नकली खोया व पनीर

क्षेत्र में हैदरगढ़, बाराबंकी, प्रतापगढ़, रुदौली आदि शहरों से बड़ी मात्रा में खोया, पनीर आदि मिलावटी खाद्य पदार्थ डंप हो रहे हैं, जो दीपावली त्योहार में दुकानदार मिलावट कर मुनाफा कमाएंगे। वहीं रोड नंबर एक पर खुली बेकरी की दुकान में खुलेआम खोया, पनीर बिक रहा है, लेकिन किसी ने आज तक दुकान सैंपलिंग तक नहीं की।

-क्या कहते हैं जिम्मेदार

खाद्य निरीक्षक रोशन सिंह का कहना है कि शाशन से आदेश मिला है। दो दिन बाद टीम के माध्यम से बड़े स्तर पर छापेमारी की जाएगी। रही बात मिलावट की तो लगातार नजर रखी जा रही है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/amethi-fsdai-action-19674068.html